दूरभाष : कुलसचिव कार्यालय 2514277
फेक्स : 0734-2518181, 2514276
ई-मेल : examvu@gmail.com
वेबसाईट : vikramuniv.net

# विक्रम विश्वविद्यालय, उज्जैन

क्र./परीक्षा/2016/486 -:: अधिसूचना ::- दिनांक : 10/8/16

सत्र 2015-16 बी.एड./एम.एड. द्वितीय सेमेस्टर परीक्षा में विश्वविद्यालय परिक्षेत्र के समस्त शासकीय व अशासकीय शिक्षा महाविद्यालय जो एन.सी.टी.ई, डब्ल्यू.आर.सी. के मापदण्ड अनुसार मान्यता प्राप्त एवं विश्वविद्यालय सम्बद्धता प्राप्त होकर काउन्सलिंग से प्रवेश प्राप्त बी.एड./एम.एड. द्वितीय सेमेस्टर के नियमित परीक्षार्थियों से ऑनलाईन परीक्षा आवेदन पत्र संबंधित महाविद्यालय में जमा करने की तिथियां निम्नानुसार घोषित की जाती हैं -

(1) **बिना विलम्ब शुल्क परीक्षा आवेदन पत्र जमा करने की तिथि -**
"दिनांक 16 अगस्त 2016 से 31 अगस्त 2016 तक"

(2) **विलम्ब शुल्क रूपये 100/- के साथ परीक्षा आवेदन पत्र जमा करने की तिथि -**
"दिनांक 01 सितम्बर 2016 से 07 सितम्बर 2016 तक"

(3) **विलम्ब शुल्क रू. 750/- के साथ परीक्षा आवेदन पत्र जमा करने की तिथि -**
"दिनांक 08 सितम्बर 2016 से 15 सितम्बर 2016 तक"

(4) **विशेष विलम्ब शुल्क रू. 2000/- के साथ परीक्षा आवेदन पत्र जमा करने की तिथि -**
"दिनांक 16 सितम्बर 2016 से परीक्षा प्रारम्भ होने के 05 दिवस पूर्व तक"

<u>दिशा-निर्देश -</u>

1) NCTE WRC, Bhopal से मान्यता एवं विश्वविद्यालय से सम्बद्धता सत्र 2014-15 प्रमाण पत्र की सत्यापित छायाप्रति अनिवार्यतः संलग्न करें। <u>उक्त के अभाव में परीक्षा आवेदन स्वीकार्य नहीं किये जाऐंगे।</u>

2) उच्च शिक्षा, म0प्र0 शासन, भोपाल बी.एड. काउन्सलिंग द्वारा आपके महाविद्यालय को जारी प्रवेशित सूची एवं उत्कृष्ट (अग्रणी) महाविद्यालय द्वारा जारी प्रवेशित विद्यार्थियों की सत्यापित सूची संलग्न करें।

3) माननीय न्यायालय तथा म0प्र0 शासन से कोई अन्य निर्देश प्राप्त होने पर तद्नुसार कार्यवाही करने हेतु विश्वविद्यालय स्वतंत्र होगा।

4) समस्त अशासकीय महाविद्यालय को रू. 100/- के स्टाम्प पेपर पर इस आशय का नोटराईज्ड शपथ पत्र प्रमाण सहित प्रस्तुत करना होगा कि उनके महाविद्यालय से जिन विद्यार्थियों के परीक्षा आवेदन पत्र भेजे गए हैं वे सभी परीक्षा में बैठने के लिए पात्र है। यदि बाद में वे पात्र नहीं पाऐ जाते हैं तो इसका सम्पूर्ण दायित्व महाविद्याल का होगा तथा विश्वविद्यालय नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र होगा। यह शपथ पत्र संचालक संस्था के अध्यक्ष, सचिव एवं महाविद्यालय के प्राचार्य, तीनों द्वारा संयुक्त हस्ताक्षरित होगा।

5) प्राचार्य/विभागाध्यक्ष, संबंधित महाविद्यालय/अ.शा. परीक्षा आवेदन पत्र अग्रेषित करते समय परीक्षार्थी से आर्हतादायक परीक्षा की समस्त अंकतालिकाओं की सत्यापित प्रति अनिवार्य रूप से संलग्न करवाएँ एवं अग्रेषण शुल्क (Forwarding fee) रू. 50/- प्रति परीक्षार्थी संबंधित महाविद्यालय/अ.शा. संग्रहित करेगा। इस राशि में से वि. वि. का अंश रू. 10/- प्रति परीक्षार्थी की दर से कुल राशि का भुगतान अविलम्ब वि. वि. को करेंगे।

Adhi-509

निरन्तर.........2

6) विज्ञान संकाय के परीक्षार्थी परीक्षा आवेदन पत्र के साथ परीक्षा संचालन शुल्क रूपये 100/- तथा अन्य संकाय केपरीक्षार्थी परीक्षा संचालन शुल्क रूपये 75/- संबंधित महाविद्यालय में जमा करेंगे।

7) परीक्षार्थी एम.पी. ऑनलाईन के माध्यम से परीक्षा शुल्क अधिकृत क्योस्क सेन्टरों में जमा करेंगे।

8) संबंधित प्राचार्य/विभागाध्यक्ष परीक्षार्थी के परीक्षा शुल्क सत्यापन की सूची परीक्षा आवेदन पत्र भेजते समय दो प्रतियों में अनिवार्य रूप से भेजें।

आदेशानुसार

उपकुलसचिव (परीक्षा)

क्रमांक/परीक्षा/2016/ 487 दिनांक : 10/8/16

**प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु -**

01. निदेशक/प्राचार्य, संबंधित संस्थान/महाविद्यालय, विक्रम विश्वविद्यालय परिक्षेत्र, उज्जैन की ओर भेजकर निवेदन है कि उक्त से संबंधित परीक्षार्थियों को अवगत करावें एवं अधिसूचना की एक प्रति संस्थान/महाविद्यालय के सूचना पटल पर चस्पा करने का कष्ट करें।
02. माननीय कुलपतिजी एवं कुलसचिवजी के निजि सहायक, विक्रम विश्वविद्यालय, उज्जैन।
03. कुलानुशासक/मीडिया प्रभारी, विक्रम विश्वविद्यालय, उज्जैन।
04. संकायाध्यक्ष, विद्यार्थी कल्याण संकाय, विक्रम विश्वविद्यालय, उज्जैन।
05. प्रभारी, ऑनलाईन प्रकोष्ठ, विक्रम विश्वविद्यालय, उज्जैन।
06. प्रभारी, कम्प्यूटर सेन्टर, विक्रम विश्वविद्यालय, उज्जैन की ओर उक्त अधिसूचना विश्वविद्यालय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु।
07. प्रभारी, मुद्रणालय/पूछताछ कार्यालय, विक्रम विश्वविद्यालय, उज्जैन।
08. सहायक कुलसचिव, लेखा/गोपनीय विभाग, विक्रम विश्वविद्यालय, उज्जैन।
09. संपादक/प्रतिनिधि महोदय, दैनिक समाचार पत्र .......... की ओर भेजकर अनुरोध है कि अधिसूचना की जानकारी अपने लोकप्रिय समाचार-पत्र में छात्रहित को दृष्टिगत रखते हुए निःशुल्क प्रकाशित करने का कष्ट करें।

सहायक कुलसचिव (परीक्षा)

Adhi-510